Title: Need to resume transportation of coal through crush coal transport at Kargali Washri of Central Coalfield Limited, Bihar -Laid.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : महोदय, सैन्ट्रल कोलफील्डस लिमिटेड के बी.एण्ड के. एरिया के अन्तर्गत करगली वाशरी में क्रस कोल ट्रांसपोर्ट (सी.सी.टी.) के द्वारा कोयले का परिवहन होता था, जो करोड़ो रूपए की लागत से बनी थी। यह उपकरण चालू हालत में था, परन्तु लगभग तीन महीने पूर्व इसे बन्द कर दिया गया, स्क्रैप कर दिया गया। इस उपकरण से बोकारो, खासमहल कोलियरी के कोयले का परिवहन बंकर में गिराया जाता था।

साथ ही साथ करगली वाशरी कोकिंग कोल को नान-कोकिंग कर दिया गया है और कठारा वाशरी को कोकिंग कोल - जिससे नियमों का उल्लंघन हो रहा है तथा करोड़ो रूपए के उपकरणों का सदुपयोग नहीं हो पा रहा है।

अतः केन्द्र सरकार से आग्रह है कि सी.सी.सी.टी. के द्वारा ही कोयले का परिवहन कराया जाए, करगली वाशरी को पुनः कोकिंग कोल किया जाए तथा उपर्युक्त नियम विरुद्ध कार्यों और करोड़ो रूपए के सरकार उपकरणों का प्रयोग न करके निजी स्त्रोतों से परिवहन कराने के मामले की उच्च-स्तरीय जांच कराई जाए।